विकास संवाद समिति (VSS) एवं अंश (Ansh)

केएमसी नर्स (KMC Nurse) के 13 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

कार्यस्थल: सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय, सतना, मध्य प्रदेश

पद	**केएमसी नर्स (KMC Nurse)**
कुल रिक्त पद	13
कार्यस्थल	सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय, सतना (मध्य प्रदेश)
मासिक मानदेय	₹18,330 (समेकित; लागू वैधानिक कटौतियों के अधीन)
कार्य की प्रकृति एवं अवधि	पूर्णकालिक, 1 वर्ष का अनुबंध। अनुबंध का आगे विस्तार कार्य-प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।
आवेदन की अंतिम तिथि	**18नवम्बर 2026**

1. कार्यक्रम का परिचय

कंगारू मदर केयर (Kangaroo Mother Care—KMC) कार्यक्रम का उद्देश्य समय से पहले जन्मे (Preterm) और कम जन्म-वजन (Low Birth Weight) वाले नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना और उनकी मृत्यु के जोखिम को कम करना है। यह कार्यक्रम अंश (Ansh) और विकास संवाद समिति (VSS) के सहयोग से सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय, सतना में संचालित किया जाना है।

कार्यक्रम के प्रमुख घटक:

- त्वचा से त्वचा संपर्क (Skin-to-Skin Contact): माँ और नवजात के बीच त्वचा से त्वचा का संपर्क बनाए रखना, जिससे शिशु के शरीर का तापमान संतुलित रखने और हाइपोथर्मिया से बचाव में मदद मिलती है।
- केवल स्तनपान (Exclusive Breastfeeding): शिशु को केवल माँ का दूध पिलाने के लिए माताओं को सहयोग और परामर्श देना, जिससे शिशु के पोषण, प्रतिरोधक क्षमता और विकास को बढ़ावा मिलता है।
- नियमित निगरानी एवं फॉलो-अप (Close Monitoring): खतरे के संकेतों की समय पर पहचान करना तथा आवश्यक चिकित्सकीय सहायता और मार्गदर्शन सुनिश्चित करना।

विकास संवाद समिति (VSS) के बारे में

- विकास संवाद समिति (VSS) भोपाल स्थित एक सामाजिक संस्था है। संस्था क्षमता निर्माण, सामाजिक शोध, सामुदायिक सशक्तिकरण और ज्ञान प्रबंधन के माध्यम से समतामूलक, लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करती है। VSS के कार्य के पाँच प्रमुख और परस्पर जुड़े क्षेत्र हैं:

- खाद्य एवं पोषण सुरक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य
- सामाजिक-नागरिक संस्थाओं की रणनीति संचार और स्टोरी टेलिंग पर क्षमतावृद्धि
- युवा एवं किशोर विकास
- ज्ञान प्रबंधन
- संवैधानिक मूल्य
- विकास संवाद जमीनी स्तर के संगठनों, नागरिक समाज के नेटवर्कों और समुदायों के साथ मिलकर उनकी क्षमताओं को मजबूत करने, उनकी आवाज़ को प्रभावी बनाने तथा समावेशी और टिकाऊ सामाजिक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है।

अंश (Ansh) के बारे में

अंश (Ansh), चैरिटी एंटरप्रेन्योरशिप (Charity Entrepreneurship) द्वारा संचालित एक संस्था है, जो भारत के सरकारी जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता मजबूत करके नवजात शिशुओं की जान बचाने के लिए कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य ऐसा मॉडल विकसित करना है, जिसे बड़े स्तर पर लागू किया जा सके और जो लागत-प्रभावी हो। इसके प्रमुख घटकों में कंगारू मदर केयर, स्तनपान परामर्श, खतरे के संकेतों की निगरानी तथा संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण (Infection Prevention and Control—IPC) शामिल हैं। कंगारू मदर केयर नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित एक प्रभावी हस्तक्षेप है।

2. मुख्य जिम्मेदारियाँ

- संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण (IPC) तथा अस्पताल की स्वच्छता संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करना।
- माताओं और उनके परिजनों को केएमसी की सही स्थिति (Positioning) तथा त्वचा से त्वचा संपर्क की तकनीक समझाना और उसका अभ्यास करवाना।
- माताओं को केवल स्तनपान, सही लैचिंग (Latch) और स्तनपान की उपयुक्त मुद्राओं के संबंध में व्यावहारिक एवं संवेदनशील परामर्श देना।
- नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संबंधी संकेतकों—जैसे शरीर का तापमान, श्वसन और वजन—की नियमित निगरानी करना तथा खतरे के संकेत दिखने पर तत्काल मेडिकल टीम को सूचित करना।
- आईईसी (IEC) सामग्री—जैसे फ्लिपबुक, पोस्टर और वीडियो—के माध्यम से माताओं को सही जानकारी देना और सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- मोबाइल एप्लिकेशन और भौतिक रजिस्टरों में नियमित एवं सटीक डेटा प्रविष्टि और रिकॉर्ड का रखरखाव करना।
- प्रत्येक शिफ्ट की शुरुआत और समाप्ति पर क्लिनिकल हैंडओवर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना।
- अस्पताल से छुट्टी (Discharge) की प्रक्रिया में सहयोग करना तथा फॉलो-अप कॉल के माध्यम से घर पर केएमसी जारी रखने में माताओं और परिजनों को सहयोग देना।
- अस्पताल प्रशासन, एसएनसीयू/पीएनसी स्टाफ और कार्यक्रम की सहयोगी टीम के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखना।

3. आवश्यक योग्यता एवं अनुभव

- **शैक्षणिक योग्यता**: मान्यता प्राप्त संस्थान से एएनएम (ANM), जीएनएम (GNM) या बी.एससी. नर्सिंग (B.Sc. Nursing) उत्तीर्ण।
- **अनिवार्य पंजीकरण**: मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल (MPNRC) में वैध और सक्रिय पंजीकरण होना अनिवार्य है।
- **कार्य अनुभव**: अस्पताल या क्लिनिकल परिवेश में 1–2 वर्ष का कार्य अनुभव। नवजात शिशु देखभाल (SNCU/PNC) का पूर्व अनुभव रखने वाली उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- **डिजिटल दक्षता**: स्मार्टफोन और डिजिटल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा प्रविष्टि करने में सहजता।

महिला उम्मीदवारों के लिए विशेष प्रोत्साहन

- यह पद महिला उम्मीदवारों के लिए है। सतना की स्थानीय महिला उम्मीदवारों तथा मुस्लिम, दलित, बहुजन और आदिवासी समुदायों की महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाता है।

4. आवश्यक कौशल

- संवेदनशील परामर्श एवं संवाद: माताओं और परिजनों के साथ संवेदनशीलता से संवाद और परामर्श करने की क्षमता। हिंदी में धाराप्रवाह संवाद तथा बुनियादी अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है। स्थानीय बघेली बोली की समझ अतिरिक्त लाभ होगी।
- हितधारक प्रबंधन: अस्पताल प्रशासन, स्वास्थ्यकर्मियों, माताओं, परिजनों और अन्य संबंधित समूहों के साथ संबंध बनाने तथा प्रभावी समन्वय करने की क्षमता।
- संचार कौशल: स्पष्ट, सम्मानजनक और समय पर जानकारी साझा करने तथा अलग-अलग हितधारकों की जरूरतों के अनुसार संवाद करने की क्षमता।
- प्रसवोत्तर एवं नवजात शिशु देखभाल का ज्ञान: प्रसव के बाद की अवधि में माँ और नवजात शिशु की देखभाल, स्वास्थ्य और भलाई से जुड़े सिद्धांतों, प्रथाओं और दिशानिर्देशों की समझ।

- डेटा संग्रह एवं प्रबंधन: डेटा एकत्र करने और उसका प्रबंधन करने का अनुभव, विशेषकर सार्वजनिक स्वास्थ्य (Public Health) के क्षेत्र में। उपयुक्त डेटा संग्रह उपकरणों की समझ भी अपेक्षित है।

5. आवेदन कैसे करें

इच्छुक और योग्य महिला उम्मीदवार नीचे दिए गए Google Form लिंक के माध्यम से अपना अपडेटेड CV तथा आवेदन का विवरण जमा करें। आवेदन में शैक्षणिक योग्यता, संबंधित कार्य अनुभव, प्रमुख कौशल और संदर्भ (References) की जानकारी शामिल करें।

आवेदन फॉर्म: https://forms.gle/8yEHAooXuW6ToMq78

आवेदन फॉर्म के QR कोड को स्कैन करके भी आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन की अंतिम तिथि: 10 नवम्बर 2026

चयन प्रक्रिया: प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के बाद शॉर्टलिस्ट की गई उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

संपर्क एवं अधिक जानकारी

- ईमेल: office@vssmp.org
- फोन: 0755-4252789
- वेबसाइट: www.vssmp.org